Headline: "IIHMR University and GIZ will work together for Ayuhman Bharat"

Print Coverage:

S.no	Date	Publication	Page No.
1.	3 June 2023	Dainik Bhasker	14

जयपुर 03-06-2023

दैनिक भास्कर

'आयुष्मान भारत' के लिए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी और जीआईजेड साथ काम करेंगे

जयपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' लागू कर रहा है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की सिफारिश के अनुसार इसे लॉन्च किया गया था। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने एचएनए और गीज के सहयोग से शोधकर्ताओं और प्रारंभिक पेशेवरों के लिए स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में बेहतरीन क्षमता निर्माण कार्यक्रम डवलप किया है। पहली कार्यशाला 24-25 मई यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर, यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल है। क्योंकि इसका उद्देश्य नीति निर्माण और कार्यान्वयन में सुधार के लिए साक्ष्य प्रदान करके राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान क्षमता को बढ़ाना है। वहीं प्रोफेसर डॉ. अनूप खन्ना ने कहा कि यूनिवर्सिटी आयुष्मान भारत योजना के लिए अनुसंधान क्षमता बढ़ाने में परामर्श देगी। इस मौके पर एनएचए के कार्यकारी निदेशक (निगरानी और अनुसंधान) प्रवीण शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम आयुष्मान भारत योजना के बेहतर कार्यान्वयन में मदद करेगा। वहीं गीज के परियोजना निदेशक अमित पालीवाल ने कहा कि यह शुरुआती पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किया गया अनूठा कार्यक्रम है।